अनुक्रमांक ..................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2022
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** पृथ्वी प्रत्येक वस्तु को अपनी ओर खींचती है, यह बताया— **(1)**

(A) अल्बर्ट आइंस्टाइन ने (B) सी. वी. रमन ने
(C) आइजेक न्यूटन ने (D) एस. एन. बोस ने

**2.** कुम्हार के चाक की गति होती है— **(1)**

(A) घूर्णन (B) सरल रेखीय
(C) वृत्तीय (D) दोलन

**3.** सामान्यतया वृक्ष की लम्बाई होती है— **(1)**

(A) 0.5 मीटर से 1.0 मीटर (B) 1.0 मीटर से 3.0 मीटर
(C) 3.0 मीटर से 30 मीटर (D) 30 मीटर से अधिक

**4.** प्रथम प्रकार के उत्तोलक का उदाहरण है— **(1)**

(A) सरौंता (B) नेल कटर
(C) सीढ़ी (D) हैण्ड पम्प

**5.** अवशेषी अंग होते हैं— **(1)**

(A) अति आवश्यक (B) आवश्यक
(C) अनावश्यक (D) इनमें से कोई नहीं

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** तालाब के एक बूंद पानी में सूक्ष्मदर्शी से देखे जाने वाले किन्हीं चार सूक्ष्मजीवों के नाम लिखिए। **(1)**

**7.** सभी हरे पेड़-पौधे स्वपोषी क्यों कहलाते हैं? **(1)**

**8.** कैरामेल क्या है तथा इसका उपयोग क्या है? **(1)**

**9.** रात में तारे क्यों टिमटिमाते हैं? **(1)**

**10.** ध्वनि ठीक से सुनाई दे, इसके लिए सिनेमा हॉल में अवशोषक का प्रयोग किस प्रकार से होता है? **(1)**

**11.** प्रतिध्वनि एवं गूँज में क्या अन्तर है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** बिना स्पर्श किए समतल, अवतल तथा उत्तल दर्पण को कैसे पहचानेंगे? **(2)**

**13.** शरीर के अंगों को गति प्रदान करने वाले ऊतक का नाम लिखिए तथा चित्र बनाइए। **(2)**

**14.** एड्स के कारण एवं रोकथाम पर चर्चा कीजिए। **(2)**

**15.** प्रकीर्णन से आप क्या समझते हैं? उदाहरण देकर समझाइए। **(2)**

**16.** जलीय पौधों के गुण उदाहरण देकर स्पष्ट समझाइए। **(2)**

**17.** सुचालक तथा कुचालक पदार्थों में अन्तर उदाहरण देकर स्पष्ट करें। **(2)**

**18.** चन्द्रग्रहण को चित्र की सहायता से समझाइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/vigyan/2022

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN